आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक:एफ.7(4)अकाद / आकाशि / युवा गतिविधि / 2020 / 1039-41 दिनांक : 19.5.2020

समस्त प्राचार्य,
राजकीय एवं निजी महाविद्यालय,
राजस्थान, जयपुर एवं
समस्त जिला समन्वयक,
एन.एस.एस. राजस्थान।

विषय :– स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्य तिथि एवं स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्य तिथि के अवसर पर ड्राईंग एवं निबन्ध प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में निर्देश।

सन्दर्भ :– प्रमुख शासन सचिव, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के पत्र क्रमांक प.28(6)क.सं. / 2019 दिनांक 18.05.2020.

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के क्रम में सभी प्राचार्यो को निर्देशित किया जाता है कि वे एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए दिनांक 21 मई, 2020 को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्य तिथि के दिन "बापू के सपनों का भारत" विषय पर एक ऑनलाईन ड्राईग प्रतियोगिता का आयोजन एवं दिनांक 27 मई, 2020 को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्य तिथि पर "अहिंसा एवं युवा" विषय पर ऑनलाईन निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना सुनिश्चित कर निम्नांकित बिन्दुओं की आवश्यक रूप से पालना करें –

1. सभी प्राचार्य अपने महाविद्यालय के एन.एस.एस. प्रभारियों को निर्देशित करें कि वे व्हाट्स–अप ग्रुप के माध्यम से संदेश प्रसारित कर उक्त प्रोग्राम में स्वयं सेवकों की सहभागिता सुनिश्चित करें।
2. सभी प्राचार्य यह सुनिश्चित करें कि उनके महाविद्यालय से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभागी उक्त प्रतियोगिता में भाग ले तथा सभी एन.एस.एस. प्रभारी अपने जिला समन्वयकों को मेल आई.डी पर अपने महाविद्यालय की दो उत्कृष्ट रचनाओं को प्रेषित करें।
3. सभी जिला समन्वयक प्राप्त रचनाओं में से पांच उत्कृष्ट रचनाओं को मेल आईडी nsscceraj@gmail.com पर आवश्यक रूप से प्रतियोगिता के तीन दिवस के अन्दर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(प्रदीप कुमार बोरड)
IAS
आयुक्त कॉलेज शिक्षा

प्रतिलिपि –

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, कला एवं संस्कृति विभाग, जयपुर।
2. श्री एस.एन. बिस्सा, समन्वयक, शांति एवं अहिंसा प्रकोष्ठ।
3. वेब साइट प्रभारी आयुक्तालय को अपलोड हेतु।

19.5.2020
(डा. बनय सिंह)
समन्वयक युवा कौशल विकास